## खबर संक्षेप

### 6 व्यक्तियों पर लगाया 2500 रुपये का जुर्माना

**कटनी।** शहर को स्वच्छ व साफ रखने निगम प्रशासन द्वारा जहां रोजाना दो शिफ्ट में सुचारू सफाई के प्रयास किए जा रहे है वहीं दूसरी ओर सफाई व्यवस्था के मद्देनजर गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन एवं भवन सामग्री सड़क पर डालने वालों तथा डेयरी संचालकों के विरुद्ध निगम प्रशासन द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दिए गए निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जोनों में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ 2500 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के मार्गदर्शन में जोन क्रमांक 3 एवं जोन क्रमांक 4 के विभिन्न स्थलों एवं मुख्य मार्ग पर कचरा फेंकने पर 5 लोगों के विरुद्ध 1000 रुपये का जुर्माना किया गया। वहीं संत कंवरराम वार्ड में डेयरी संचालक विक्रम शर्मा द्वारा सार्वजनिक स्थल पर गंदगी करने पर 1500 रुपये का स्पॉट फाइन किया गया। कार्यवाही के दौरान क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा सहित नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### 14 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर भेजा गया अमीरगंज गौशाला

**कटनी।** नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी की हांका टीम द्वारा बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक मार्गों पर विचरण कर रहे घुमंतू मवेशियों को हटाने हेतु शुक्रवार रात्रि विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। अभियान के अंतर्गत नगर की प्रमुख सड़कों, चौराहों एवं व्यस्त मार्गों कोतवाली थाना तिराहा, फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के आस पास , मुड़वारा स्टेशन पहुंच मार्ग सहित कटनी मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग में आवागमन को बाधित कर गंदगी फैलाते 14 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर उन्हें काऊ कैचर वाहन में सुरक्षित रूप से अमीर गंज स्थित गौशाला में भेजा गया। निगम प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुचारू सफाई व्यवस्था तथा आमजन को असुविधा से बचाने के उद्देश्य से की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। साथ ही मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों पर खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी एवं दंडात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर न छोड़ें तथा नगर को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

### लंबित राजस्व प्रकणों के शीघ्र निराकरण हेतु बैठक आयोजित

**कटनी।** राजस्व विभाग में लंबित प्रकणों के शीघ्र निराकरण हेतु एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में तहसील कटनी नगर एवं ग्रामीण के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पटवारियों को भू-अर्जन प्रकरणों के अभिलेख अद्यतन करने, फार्मर आईडी बनाने, पीएम किसान, ई-केवाईसी सैचुरेशन, सीएमहेल्पलाइन, वसूली में प्रगति लाने, एसडीएम न्यायालय एवं तहसील न्यायालय से पारित आदेशों में अभिलेख अद्यतन करने इत्यादि के संबंध में समीक्षा एवं चर्चा की गई।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की बैठक 14 जनवरी को

**कटनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कटनी में बुधवार 14 जनवरी को सुबह 10:30 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कल्याण संयोजक ने जिले के पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों को अधिक से अधिक संख्या में बैठक में पहुँचने का अनुरोध किया है।

## पुलिस टीम पर पथराव करने वाले बदमाशों का उसी इलाके में निकला जुलूस, 4 गिरफ्तार

सतना।

शहर के कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती में कार सवार युवक से अड़ीबाजी करने और बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपियों पर पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर 4 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों को उसी मोहल्ले में ले जाकर उनका जुलूस निकाला गया,जहाँ उन्होंने उत्पात मचाया था।



### कार सवार से अड़ीबाजी और मारपीट

घटना शुक्रवार रात की है। नई बस्ती स्थित पानी की टंकी के पास से गुजर रहे एक कार सवार युवक को नशे में धुत कुछ युवकों ने रोक लिया। बदमाशों ने कार पर पथराव करते हुए युवक से पैसों की मांग की। जब युवक ने पैसे देने से इनकार किया,तो आरोपियों ने न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि उसकी गाड़ी में भी जमकर तोड़फोड़ की। पीड़ित ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

### पुलिस टीम पर भी किया हमला

सूचना मिलते ही एएसआई उमेश पांडेय एक आरक्षक के साथ मौके पर पहुंचे। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि वे पुलिस को देखकर पीछे हटने के बजाय उनसे ही उलझ गए। स्थिति बिगड़ती देख एएसआई ने थाने से अतिरिक्त बल बुलाया। जब तीन और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे,तब भी बदमाशों ने गाली-गलौज बंद नहीं की और पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। हमले के कारण पुलिस को कुछ देर के लिए पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

### हत्या के प्रयास का मामला दर्ज,7 अब भी फरार

इस मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की हैं।कार सवार की शिकायत पर अड़ीबाजी और मारपीट का केस।पुलिस की शिकायत पर एएसआई उमेश पांडेय पर हमले और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है।

### गिरफ्तार आरोपीयों के नाम

पवन कुशवाहा 18 वर्ष,हरिकृष्ण यादव 25वर्ष,प्रशांत सिंह 20वर्ष,एक नाबालिग है। कोलगवां टीआई सुदीप सोनी के नेतृत्व में नई बस्ती में सर्च ऑपरेशन चलाकर इन आरोपियों को दबोचा गया। पुलिस के अनुसार,मामले में 7 अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं,जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## भ्रष्टाचार का मामला

### मझगवां: बांका पंचायत में अर्दन बंड निर्माण में बड़ा खेल, मशीनों से काम कराकर कागजों पर उतारे मजदूर

सतना।

जनपद पंचायत मझगवां के अंतर्गत ग्राम पंचायत बांका में भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ अर्दन बंड (मेढ़ बंधान) के निर्माण कार्य में न केवल नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं,बल्कि सरकारी राशि का खुलेआम बंदरबांट किया जा रहा है।

#### 8 लोगों की फोटो पर 96 की हाजिरी

हैरानी की बात यह है कि मस्टररोल में 96 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की गई है,जबकि पोर्टल पर साक्ष्य के रूप में अपलोड की गई फोटो में मात्र 8 लोग ही नजर आ रहे हैं। इसी एक फोटो के सहारे सभी मजदूरों की अटेंडेंस भर दी गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि धरातल पर काम जेसीबी मशीनों से कराया जा रहा है,जबकि कागजों में फर्जी मजदूरों के नाम चढ़ाकर राशि आहरित करने की तैयारी है।

#### अस्तित्वहीन नाम और जाति का सहारा

जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि मस्टररोल में दर्ज कई नाम उस पंचायत में हैं ही नहीं। ग्रामीणों के अनुसार,सूची में कुछ ऐसी जातियों के नाम भी शामिल हैं,जिनका उस क्षेत्र में निवास ही नहीं है। 10 जनवरी की उपस्थिति पंजी में नंदलाल,सुशीला,विष्णु प्रजापति और रामबहादुर विश्वकर्मा जैसे कई नाम दर्ज हैं,जिनकी मौके पर मौजूदगी संदिग्ध है।

#### तकनीकी खामियां या जानबूझकर की गई धोखाधड़ी?

पोर्टल पर अपलोड की गई फोटो में लोकेशन 'शिमला' दर्शायी गई है,जो पूरे मामले को और अधिक संदिग्ध बनाती है।दूसरी फोटो भी अपलोडनहीं की गई है।इस मामले में अब ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## रामपुर बाघेलान पुलिस का बड़ा एक्शन: बोलेरो सवारों का अपहरण कर लूट करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

सतना

जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपहरण और लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले सात शातिर आरोपियों को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दबोच लिया है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में गठित विशेष टीमों ने आरोपियों को मैहर,अमरपाटन और रामपुर बाघेलान के विभिन्न इलाकों से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।




### नए साल की रात हुई थी वारदात

घटनाक्रम के अनुसार,1 जनवरी 2026 की रात को फरियादी योगेंद्र सिंह 36 वर्ष निवासी बेला बस्ती, अपने साथी राहुल साकेत के साथ बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 19 सीसी 8318 से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चार व्यक्तियों ने उनका अपहरण कर लिया। आरोपियों ने पीड़ितों के साथ मारपीट की और उनका मोबाइल फोन व 15,000 रुपये नकद लूट लिए। दिनांक 2 जनवरी को फरियादी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(3), 309(6) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### पुलिस की रणनीतिक कार्यवाही

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रामपुर बाघेलान,निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी ने आरोपियों की तलाश के लिए चार अलग-अलग टीमें गठित कीं। उप निरीक्षक इंद्रबली सिंह चौकी प्रभारी बेला के नेतृत्व में टीमों ने मैहर,अमरपाटन,नादन देहात और बेला क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

### गिरफ्तार आरोपियों का विवरण

पुलिस ने गहन पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर निम्नलिखित आरोपियों को हिरासत में लिया। दीपेंद्र सिंह उर्फ छोटू 23 वर्ष निवासी हिनौता गजगवा,मैहर,दिवाकर तिवारी 25 वर्ष निवासी देवरिया,उत्तर प्रदेश,अरुण सिंह 23 वर्ष निवासी गडौली,उचेहरा हाल निवासी सरलानगर,मैहर,प्रभात त्रिपाठी 24 वर्ष निवासी बदेरा,मैहर,योगेंद्र सिंह उर्फ राजन 21 वर्ष निवासी गोंडा,उत्तर प्रदेश हाल निवासी मैहर,राज चतुर्वेदी 20 वर्ष निवासी बदेरा,मैहर,शुभम परौहा 26 वर्ष निवासी नागौद हाल निवासी सरलानगर,मैहर है।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त वाहन और लूटी गई संपत्ति बरामद की है। एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल चेचिस नंबर: MD2A13EYH CH 8414 है। एक काले रंग की सुजुकी स्कूटी लूटा गया मोबाइल फोन 6,500 रुपये नकद है। इस चुनौतीपूर्ण अंधे कत्ल और लूट के मामले को सुलझाने में निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी,उप निरीक्षक अजीत सिंह,इंद्रबली सिंह,सउनि प्रेमशंकर द्विवेदी,उपेंद्र सिंह,रविंद्र मिश्रा और उनकी पूरी टीम (प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक) की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## 'कातिल' मांझे पर कड़ा पहरा: मकर संक्रांति पर चाइनीज डोर का उपयोग किया तो होगी जेल

सतना

मकर संक्रांति का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। नीले आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें अठखेलियां करती नजर आने लगी हैं और युवाओं के बीच 'पेंच' लड़ाने की होड़ मची है। लेकिन इस उत्साह के बीच एक बेहद चिंताजनक पहलू सामने आया है। अपनी पतंग को कटने से बचाने की चाहत में लोग स्वदेशी धागे के बजाय प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं,जो अब जानलेवा साबित हो रहा है।





### जानलेवा है यह 'कांच और प्लास्टिक' का मिश्रण

चाइनीज मांझा,जो मूल रूप से नायलॉन,प्लास्टिक और कांच के मिश्रण से बना होता है,न केवल इंसानों के लिए काल बन गया है,बल्कि बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए भी घातक है। यह मांझा इतना मजबूत होता है कि आसानी से नहीं टूटता,जिसके कारण यह लंबे समय तक पेड़ों और बिजली के तारों में उलझा रहता है। इसकी चपेट में आने से आए दिन राहगीरों के गले कटने और पक्षियों के पंख कतरने की हृदयविदारक खबरें सामने आती रहती हैं।

### धारा 163 के तहत प्रतिबंध

हैरानी की बात यह है कि शासन द्वारा इस घातक मांझे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है,इसके बावजूद चोरी-छिपे इसकी बिक्री जारी है। इसे गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी रघुराजनगर, राहुल सिलाड़िया ने कड़े आदेश जारी किए हैं। प्रशासन ने जन सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पतंगबाजी में चाइनीज मांझे के उपयोग पर पूर्णतः पाबंदी लगा दी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रघुराजनगर अनुभाग की सीमाओं के भीतर इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### आदेश का उल्लंघन करने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

एसडीएम द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नायलॉन,प्लास्टिक या सिंथेटिक सामग्री से निर्मित और कांच या धातु लेपित धागे का उपयोग पूरी तरह वर्जित है।नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध 2023 की धारा 223(लोकसेवक के आदेश की अवज्ञा) एवं अन्य सुसंगत कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस आदेश का प्रचार-प्रसार ढोल पिटवाकर,लाउडस्पीकर,सोशल मीडिया और सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा कर किया जाए। प्रशासन और प्रबुद्ध नागरिकों ने अपील की है कि पतंगबाजी के लिए केवल सूती धागे(सददी) का ही उपयोग करें।आपकी एक छोटी सी लापरवाही किसी राहगीर की जान ले सकती है या किसी पक्षी के उड़ने की शक्ति छीन सकती है। सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

## रामनगर में अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई: खनिज विभाग ने पकड़े चार हाईवा

**बेला घाटी के आसपास के इलाकों में घेराबंदी कर चेकिंग लगाई**

सतना

क्षेत्र में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी के कड़े निर्देशों पर खनिज निरीक्षकों की एक विशेष टीम ने रामनगर क्षेत्र के अंतर्गत औचक निरीक्षण कर अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है।





### बेला घाटी के पास चेकिंग पॉइंट पर कार्रवाई

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार,अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए विभाग की टीम ने बेला घाटी के आसपास के इलाकों में घेराबंदी कर चेकिंग लगाई थी। इस दौरान रेत और अन्य खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की गई।

### दस्तावेज नहीं दिखा सके चालक

जांच के दौरान टीम ने रेत से लदे चार हाईवा (ट्रक) को रोका। जब खनिज निरीक्षकों ने चालकों से रेत के उत्खनन और परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे,तो चालक कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके।बिना वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से रेत ले जा रहे इन चारों ट्रकों को खनिज निरीक्षकों ने तुरंत जब्त कर लिया और रामनगर थाना में खड़ा करवा दिया। रविवार की सुबह खनिज विभाग की टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इन सभी वाहनों के खिलाफ अवैध उत्खनन एवं परिवहन का प्रकरण तैयार किया है।

## गोरसरी घाटी में पाइप से भरा ट्रेलर पलटा,केबिन में फंसे चालक को पुलिस ने सुरक्षित निकाला

**सतना।** अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोरसरी पहाड़ पर रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया। पाइपों से लदा एक अनियंत्रित ट्रेलर घाटी चढ़ते समय सड़क किनारे पहाड़ से टकराकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर का चालक केबिन के भीतर ही फंस गया था,जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।



### घटना का विवरण

प्राप्त जानकारी के अनुसार,ट्रेलर पाइप लेकर रामनगर की ओर जा रहा था।जैसे ही वह गोरसरी घाटी के पास पहुंचा,अचानक अनियंत्रित होकर पहाड़ की ओर सड़क किनारे पलट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा (केबिन) बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें दब गया। घटना की सूचना मिलते ही अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते अपने पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि इतनी बड़ी दुर्घटना के बावजूद चालक को केवल मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल चालक को इलाज के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन भेज दिया है,जहाँ उसकी स्थिति अब सामान्य बताई जा रही है।

## एकेएस यूनिवर्सिटी का जेके सीमेंट माइंस में इंटरैक्टिव टेक्निकल सत्र

**सतना।** औद्योगिक भारत की मजबूत नींव और अकादमिक उत्कृष्टता के सेतु को और सुदृढ़ करते हुए जेके सीमेंट वर्क्स,निंबाहेड़ा में एकेएस यूनिवर्सिटी की ओर से इंटरैक्टिव टेक्निकल सेशन का आयोजन किया गया। यह सत्र न केवल तकनीकी विमर्श का मंच बना,बल्कि शिक्षा-उद्योग सहयोग के वैश्विक परिदृश्य में एकेएस यूनिवर्सिटी की बढ़ती भूमिका को भी रेखांकित करता दिखा। कार्यक्रम का आयोजन जेके सीमेंट माइंस के अधिकारियों के साथ संवादात्मक स्वरूप में किया गया,जिसमें वाई. शर्मा (हेड माइंस-निंबाहेड़ा,मंगलौर),सुधीर नागौरी (सीनियर मैनेजर,केकेसी) सहित अन्य माइंस मैनेजरगण उपस्थित रहे। एकेएस यूनिवर्सिटी की ओर से डीन प्रो.(डॉ.) जी.के. प्रधान, इंजी. शीलेन्द्र उपाध्याय तथा इंजी.रमेश कांत ने तकनीकी प्रस्तुति दी।



## श्रद्धांजलि सभा: शब्द और विचार की सत्ता के शिखर पुरुष थे ज्ञानरंजन: संतोष

**सतना।** प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) द्वारा रविवार को सुप्रसिद्ध कथाकार और 'पहल' के यशस्वी संपादक ज्ञानरंजन की स्मृति में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान साहित्यकारों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहित्यिक अवदान को याद किया। इकाई के महा सचिव विजयशंकर चतुर्वेदी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि ज्ञानरंजन जी अपने आप में एक संस्थान और 'सुपरस्टार' संपादक थे। उन्होंने संपादन की बारीकियों और ज्ञान जी के साथ मुंबई व जबलपुर में बिताए अनुभवों को साझा किया। उन्होंने दावा किया कि 'पहल' पत्रिका में छपना किसी भी लेखक के लिए साहित्यकार होने की मुहर जैसा था। प्रो.प्रह्लाद अग्रवाल ने उनके साथ अपने पारिवारिक संबंधों और निजी पत्रों का जिक्र करते हुए बताया कि ज्ञान जी ने ही उन्हें फिल्म लेखन के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने बताया कि बिना किसी के आगे हाथ फैलाए,चौतरफा सहयोग से उन्होंने 'पहल' के 125अंक गरिमा के साथ निकाले। वहीं,प्रलेस अध्यक्ष संतोष खरे ने कहा कि ज्ञान जी साहित्यिक संपादन के निकष थे।व्यंग्यकार के.दाहिया ने रेखांकित किया कि भले ही उन्होंने केवल 25 कहानियाँ लिखीं,लेकिन वे सैकड़ों कथाकारों पर भारी हैं। सभा में गोरखनाथ अग्रवाल,डॉ.रामयश बागरी,धर्मेन्द्र सिंह बघेल और मीडिया प्रभारी अनुपम दाहिया सहित कई प्रबुद्धजनों ने दिवंगत साहित्य कार को नमन किया।




### गणतंत्र दिवस समारोह एवं भारत पर्व की तैयारी संबंधी बैठक आज

सतना।

गणतंत्र दिवस समारोह एवं भारत पर्व मनाये जाने की तैयारियों के संबंध में बैठक 12 जनवरी को टीएल बैठक के पहले कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

## खबर संक्षेप

### विशाल हिंदू सम्मेलन हेतु किया गया कलश वितरण



**पवई।** 11 जनवरी 2026 रविवार को पवई खंड के 12 मंडल एवं नगर केंद्र के हिंदू सम्मेलन हेतु कलश एवं ध्वज प्रदान का कार्यक्रम सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत शिक्षक एवं कथावाचक पंडित छोटेलाल प्यासी के द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के छायाचित्र मे माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसके उपरांत मुख्य अतिथि का उद्बोधन स्वरूप आशीर्वाद वचन प्रदान किए गए एवं विजय पटेल द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा सभी मंडल की आयोजन समितियां को कलश एवं ध्वज प्रदान किए गए सभी मंडलों एवं नगर के कार्यकर्ता उत्साह पूर्वक सम्मिलित हुए। जिसमें डॉक्टर धनराज सिंह भदोरिया,राकेश चौरसिया,सुरेश सेन,प्रमोद नगायच,श्रीकांत पटेल, राहुल खटीक, राहुल नामदेव, सौरभ जैन, सुरेंद्र यादव, दयापाल वर्मा,विष्णु पांडे, रामपाल पटेल आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

### दो मोटर बाइक आपस में टकराईं, बुजुर्ग घायल



**अमानगंज।** अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के गड़ोखर ग्राम के पास रविवार दोपहर 3बजे तेज रफ्तार दो मोटर बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्नी पिता ननानू, आदिवासी, निवासी जामुन झिरिया, उम्र लगभग 70 वर्ष, अमानगंज से अपनी नाती के साथ मोटर बाइक से अपने ग्राम जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दूसरी मोटर बाइक का चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया, जबकि बुजुर्ग मुन्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए कटनी के लिए रिफर किया गया।

### फोरेस्ट की टीम एवं कर्मचारी 11 के मध्य खेला गया मैच



**पवई।** पवई के महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में विधायक प्रहलाद लोधी के दिवंगत पुत्र स्वर्गीय महेन्द्र लोधी की स्मृति मे चल रहे पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार 11 जनवरी को कर्मचारी 11 एवम फोरेस्ट की टीम के मध्य मैच खेला गया जिसमें फोरेस्ट की टीम के कप्तान नीतेश पटेल रेंजर पवई एवम कर्मचारी 11 के कप्तान प्रमोद नगायच द्वारा टॉस किया गया जिसमे फोरेस्ट की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छः ओवर में 41 रन बनाए जिसे कर्मचारी 11 के ओपनर बल्लेबाज संदीप खटीक एवम डॉक्टर अंकित पांडे ने बिना कोई विकेट खोए संदीप के छक्के के साथ आसान सी जीत मात्र 18 गेंदों में ही हासिल कर टीम को सफलता दिलाई।

### कृषि रथ को हरि झंडी



**गुनौर।** प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को श्कृषक कल्याण वर्ष॰ घोषित किया गया है। इस कृषि रथ का मुख्य लक्ष्य किसानों को नवीन वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ना और कृषि में सुधार लाना है। योजनाओं का प्रसार- यह रथ गुनौर जनपद की समस्त पंचायतों में भ्रमण करेगा।

## विशाल युवा सम्मेलन में दिखा अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक एकता का अद्भुत संगम

# संघ शताब्दी वर्ष पर नजर बाग ग्राउंड में उमड़ा युवाओं का सैलाब








राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पन्ना नगर के नजर बाग ग्राउंड में 11 जनवरी 2026 को आयोजित विशाल युवा सम्मेलन जिले के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय बन गया।

**पन्ना।**

हजारों युवाओं की ऐतिहासिक सहभागिता ने यह संदेश दिया कि आज का युवा राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति पूरी तरह सजग है। सम्मेलन स्थल पर अनुशासन, संगठनात्मक एकता और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। पंक्तिबद्ध बैठे युवा, स्वयंसेवकों का समर्पण और सुव्यवस्थित आयोजन ने कार्यक्रम की भव्यता को और भी प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्य वक्ता मध्य भारत क्षेत्र के क्षेत्र संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त एवं पन्ना जिला संघ चालक रुद्र प्रताप सिंह यादव रहे मुख्य वक्ता प्रवीण गुप्त ने युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा, उसके उद्देश्यों और समाज को संगठित करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी विचारधारा अपनाने, पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उनके ओजस्वी उद्बोधन से युवाओं में उत्साह, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना प्रबल रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्य वक्ता प्रवीण गुप्त के साथ पन्ना जिला संचालक रुद्र प्रताप सिंह यादव रहे वही कार्यक्रम को सफल बनाने में अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। यह विशाल युवा सम्मेलन न केवल संघ के शताब्दी वर्ष का स्मरणीय आयोजन रहा, बल्कि पन्ना जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी बना।



### ग्राम पंचायत जसवंतपुरा बाबा भैसासुर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी हुए शामिल

**अमानगंज।** ग्राम पंचायत जसवंतपुरा के पूर्व सरपंच भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह और उनके सहयोगियों के द्वारा ग्राम पंचायत जसवंतपुरा में बाबा भैसासुर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ जिसमें शामिल हुए अमानगंज मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी उनके साथ में मंडल के उपाध्यक्ष आनंद सिंह राजपूत ग्राम पंचायत जसवंतपुरा के सरपंच धीरेंद्र सिंह और भाजपा बूथ अध्यक्ष त्रिलोक सिंह यादव, प्रतिपाल सिंह यादव और जसवंतपुरा शासकीय माध्यमिक शाला विद्यालय के प्रधान अध्यापक सभी के द्वारा बाबा भैसासुर क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया उसके बाद बाबा भैसासुर क्रिकेट टूर्नामेंट के टीम के द्वारा सभी अतिथि गणों रोली तिलक लगाकर स्वागत किया गया स्वागत के पश्चात भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों को और जनता जनार्दन को संबोधित किया उन्होंने अपने भाषण में कहा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है कि हमारे देश की हर ग्राम पंचायत में हर खेल खेले जाए जिससे ग्राम पंचायत में छुपी हुई प्रतिभाएं और खिलाड़ी निकाल कर आवे और हमारे देश के नाम रोशन करें कार्यक्रम का सफल संचालन प्रतिपाल सिंह यादव जी के द्वारा किया गया और कार्यक्रम का आभार व्यक्त ग्राम पंचायत सरपंच धीरेंद्र सिंह के द्वारा किया गया।

## समुदाय की भागीदारी एवं समर्थन के सहयोग से ग्राम पंचायत ने गंदगी भरे स्थान का किया सौन्दर्यीकरण, भव्य बनाने की दिशा में कर रही काम





**पन्ना।**

अजयगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम शहपुरा में ग्राम में प्रवेश करते ही मंदिर है, लोगों के बैठने का स्थान है लेकिन मंदिर के सामने लगे हैण्डपंप के पास ग्रेजल प्रबंधन नही होने से अति गंदगी थी, कीड़े मकोड़े पैदा हो रहे थे, मवेशियों की शरण स्थली बन चुकी थी जहां मवेशी हैण्डपंप से निकले पानी के एक जगह एकत्रित होने के बाद गंदगी में ही स्थान करते थे। ग्राम में गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में इस विषय पर चर्चा की गई कि हमारे गांव के बीच में एक तरफ मंदिर है, सभी पूजा पाठ करते है एवं दूसरी तरफ नरकीय वातावरण है जहां देखने की भी इच्छा नही होती। ऐसे में मंदिर में बैठे भगवान कैसे रह रहे होंगे। इस गंदगी को दूर करना आवश्यक है। समिति की बैठक में ग्रेजल प्रबंधन कर इस स्थान का सौन्दर्यीकरण करने का निर्णय लिया गया। ग्राम पंचायत एवं समर्थन संस्था के साथ समन्वय कर गंदगी को दूर करने का निश्चय किया गया। समुदाय के लोगों के द्वारा भी इस अच्छे काम के लिये लगभग 3600 रूपये दान किये गये। समुदाय की इच्छाशक्ति देखकर समर्थन संस्था ने भी उस हैण्डपंप के पास ग्रेजल प्रबंधन करने का निर्णय लिया एवं 26000 रूपये खर्च कर हैण्डपंप का सुन्दर प्लेटफार्म, कमल कुण्ड एवं लीच पिट बनवाई जिससे धीरे धीरे गंदगी समाप्त हो गई। अभी यह प्रक्रिया यहां नही खत्म हुई। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं ग्राम पंचायत ने इस स्थान को भव्य बनाने का फैसला किया एवं लगभग 45 डिग्री ढ़ाल वाले स्थान को मिट्टी से पूरा। चारों तरफ दीवार बनवाई, अंदर पार्क निर्माण का कार्य जारी है। अंदर की सड़कें एवं झूला आदि लगाये गये है। जहां बच्चे झूला झूलते है। अब यहां चारों तरफ फूल एवं पौधे लगाकर सौन्दर्यीकरण करने का प्रयास जारी है। सवाल यह है कि जब यह ग्राम पंचायत, यहां की समिति और समुदाय मिलकर अपने गांव के गंदे स्थान को सुन्दर बना सकती है तो ऐसा अन्य ग्रामों में क्यों संभव नही है। ऐसा काम होने से निवासियों में खुसी का माहौल है। आशा है अन्य ग्राम पंचायतें एवं समुदाय के लोग मिलकर अपने गांव को स्वच्छ एवं विकसित ग्राम बनाने का संकल्प लेकर आंगे अवश्य बढ़ेंगे।

## प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाएं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने किया स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ

**दो चरणों में 31 मई तक निरंतर चलेगा अभियान**

**जल सुनवाई भी होगी**

**पन्ना।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ जल पेयजल उपलब्ध करवाना नगरीय निकायों का दायित्व है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वच्छ जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच हो, दूषित होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करें। किसी भी स्थिति में दूषित पेयजल सप्लाई न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की शाम राज्य विमानतल के सभाकक्ष में उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रांतव्यापी स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी लोगों को शुद्ध पेयजल हेतु बेहतर प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी सभी मिलकर अपने दायित्व का कुशल निर्वहन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में स्वच्छ जल अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। जो दो चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और द्वितीय चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा। आम नागरिकों की पेयजल समस्या के लिये जल सुनवाई की भी व्यवस्था रखी गई है। अधिकारी जल सुनवाई को गंभीरता से लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां कहीं पाइपलाइन में लीकेज हैं, उन्हें सुधारते हुए आम जनता को स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जाए। घर-घर स्वच्छ जल पहुंचाएं। इस कार्य में नगरीय निकाय विभाग द्वारा एप का उपयोग प्रारंभ किया जाना सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्वच्छ पेयजल प्रदाय के कार्य में ढिलाई बरते जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### स्वच्छ जल अभियान के मुख्य बिन्दु

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीसी के माध्यम से जल सुरक्षा, जल संरक्षण और जल सुनवाई के महती उद्देश्य के लिये स्वच्छ जल अभियान 10 जनवरी 2026 से लांच किया। जल सुनवाई से आम जनता को सुनवाई का हक मिलेगा और साफ पेयजल की सुनिश्चितता होगी। अभियान के क्रियान्वयन के लिये जनजागरूकता और सामुदायिक सहभागिता का लक्ष्य तय किया गया है। अभियान के तहत समस्त जल शोधन संयंत्र और पेयजल संग्रहण टंकियों की सफाई की जाएगी तथा जीआईएस मैप आधारित एप से निगरानी होगी। पेयजल पाइपलाइन में दूषित मिश्रण को रोकने की कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अलावा जीआईएस मैप पर वाटर पाइपलाइन और सीवेज पाइपलाइन की मैपिंग, इंटर पाइंट सेक्शन का चिन्हांकन व लीकेज की जांच सहित समस्त पेयजल स्त्रोत की गुणवत्ता का परीक्षण, अल्पकालीन और दीर्घकालीन उपायों के माध्यम से नागरिकों को साफ़ पीने का पानी उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया जाएगा। जल की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण, एसटीपी की नियमित निगरानी, 181 पर पेयजल संबंधी शिकायतों को दर्ज करने की विशेष व्यवस्था के साथ पेयजल की समस्या से संबंधित आवेदन पत्र का समय-सीमा में निराकरण कर आवेदक को अवगत करवाया जाएगा। पेयजल गुणवत्ता की नियमित जांच व दूषित होने पर वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। समय-समय पर जल नमूनों के लेने के साथ ही जल उपभोक्ताओं को मामूली शुल्क पर जल की गुणवत्ता की जांच की सुविधा भी प्राप्त होगी। स्वच्छ भारत अभियान से भी गतिविधियों को जोड़ा जाएगा तथा स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले की सेवाएं भी प्राप्त की जाएंगी।




# बस स्टैंड पर नेकी की दीवार का शुभारंभ

**पवई।**

स्थानीय बस स्टैंड पवई में रविवार 11 जनवरी को नेकी की दीवार का औपचारिक शुभारंभ सम्पन्न हुआ। विगत वर्षों की भाँती इस वर्ष भी नेकी की दीवार का संचालन किया जा रहा है। शिक्षक सतानंद पाठक के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकज बेहरे एवं अध्यक्ष शिक्षक रघुवीर तिवारी ने मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ नेकी की दीवार का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किये गये, जिससे सर्दी की ठंड में उन्हें राहत मिली। कार्यक्रम में लोगों से अपील की गई कि अपने घरों में पड़े अतिरिक्त सामान एवं कपड़ों को नेकी की दीवार पर रख दें, ताकि जरूरतमंद बिना किसी संकोच के वहां से सामग्री प्राप्त कर लें। आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से उदार सहयोग की अपील की, ताकि यह पहल और मजबूत बने। उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने सतानंद पाठक की इस पहल के लिए सराहना की। नेकी की दीवार के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुषमा कुशवाहा शिक्षिका, राजेंद्र शर्मा,मन्दिर पुजारी हरिकेश बढ़ौलिया, मुकेश पटेल, जगदीश खरे, रामू मणि यादव, सत्यम पाठक, गोलू सेन, संजीव शर्मा, आरंभ पाठक, राजेंद्र सिंह, विवेक सिंह, आसिफ खान आदि उपस्थित रहे।

## नो मैपिंग वाले मतदाताओं के दस्तावेज सत्यापन के लिए सौंपा दायित्व

**पन्ना।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत वर्तमान में निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई कर दस्तावेज अपलोड किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार द्वारा प्रमाण पत्रों के सत्यापन अथवा संबंधित अधिकारियों से सत्यापन प्राप्त करने के लिए तत्काल प्रभाव से संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं, जिसके तहत वनाधिकार प्रमाण पत्र के सत्यापन संबंधी कार्यवाही जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा की जाएगी। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी, उच्च माध्यमिक शिक्षक पुष्पराज सिंह परमार एवं मो. समीर द्वारा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का सत्यापन सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजीव लोचन पटेल, लोक सेवा गारंटी के तहत जारी समस्त जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र का सत्यापन जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र तथा नगरीय निकायों द्वारा मकान आवंटन संबंधी दस्तावेज का सत्यापन परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा किया जाएगा। इस क्रम में जिला पेंशन अधिकारी द्वारा केन्द्रीय, राज्य, पीएसयू के नियमित कर्मचारी या पेंशनभोगी को जारी पहचान पत्र तथा पेंशन भुगतान आदेश का सत्यापन किया जाएगा, जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार द्वारा जारी सभी प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं सरकार द्वारा कोई भी भूमि व मकान आवंटन प्रमाण पत्र के दस्तावेजों का सत्यापन एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा जिला पन्ना न्यायालय की दायरा पंजी से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रसारित निर्देशों के तहत अधिकतम पांच दिवस में जिला निर्वाचन अधिकारी को दस्तावेज अनुमोदन अथवा वापस करने का निर्णय लेना जरूरी है।

# आंदोलन, 15 दिवस के आश्वाशन के बाद भी मन्दिर के पास संचालित हो रही शराब दुकान

### शराब ठेकेदार राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों से भी ऊपर, नियम विरुद्ध ठप्पे से संचालित हो रही शराब दुकान

**गुनौर।**

गुनौर नगर परिषद में संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप संचालित शराब दुकान को हटाने का मुद्दा 2026 की शुरुआत में भी इस लिए तनावपूर्ण बना हुआ है क्योंकि आबकारी विभाग द्वारा 15 दिवस में शराब दुकान हटाने के आश्वाशन दिया था परन्तु आज भी मंदिर के पास ही संचालित हो रही शराब दुकान। बड़ा आंदोलन और नगर बंदरू विश्व हिंदू परिषद (टभ्च) और बजरंग दल ने 24 दिसंबर 2025 को गुनौर में एक विशाल आंदोलन किया था, जिसमें व्यापारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों का समर्थन मिला था। इस दौरान मंदिर के पास से शराब दुकान हटाने के लिए जोरदार नारेबाजी हुई और



सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया था।

आबकारी विभाग और प्रशासन का आश्वासनरू पूर्व में आबकारी विभाग ने आश्वासन दिया था कि दुकान को 15 दिनों के भीतर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। हालांकि, 11 जनवरी 2026 तक दुकान नहीं हटाई गई है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी असंतोष है।

**दुकान न हटने के संभावित कारण-** नई आबकारी नीति (2025-26)रू मध्य प्रदेश सरकार की नई नीति के अनुसार, धार्मिक स्थलों के पास शराब की बिक्री पर सख्त नियम हैं, लेकिन कई स्थानों पर मौजूदा लाइसेंस की अवधि 31 मार्च 2025 तक थी। वर्तमान विरोध इस बात पर है कि नए नियमों के बावजूद दुकान का संचालन जारी है। राजनैतिक संरक्षण के आरो- आंदोलनकारियों और स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि शराब ठेकेदार को कुछ राजनीतिक दलों और सत्ताधारी नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिस कारण प्रशासन कार्रवाई करने से हिचकिचा रहा है। आगे की रणनीतिरू प्रशासन की निष्क्रियता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने न्याय के लिए अब ॰अखंड रामधुन॰ और धार्मिक अनुष्ठान करने का निर्णय लिया है ताकि प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने आरोपी को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**छतरपुर** पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हथियारों के स्रोत संबंधी जानकारी एकत्र कर संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है। थाना नौगांव पुलिस को विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान आर्मी कॉलेज रोड में अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान पुलिया के पास पहुंची। पुलिस ने संदेही को पकड़ा। अवैध देशी कट्टा, कारतूस बरामद कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी अरुण अहिरवार पिता हरिराम अहिरवार निवासी ग्राम पुरवा थाना नौगांव के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर विधिवत कार्यवाही की गई। आरोपी का सोशल मीडिया में अवैध हथियार सहित कंटेंट वायरल हुआ था। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक वाल्मीक चौबे, सहायक उप निरीक्षक प्रदीप मिश्रा, प्रधान आरक्षक प्रसन्न, दृगपाल सिंह, आरक्षक जितेंद्र, देव कुमार, राजकुमार, आशाराम एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

### पुलिस ने गांजा जब्त कर युवक को किया गिरफ्तार

**छतरपुर**। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शहर के रेलवे स्टेशन के निकट से गांजा तस्करी की फिराक में घूम रहे एक युवक को सफलतापूर्वक धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.3 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजबहादुर सिंह यादव उर्फ चिटु यादव के रूप में हुई है। सूचना के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस की टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर के आसपास सतर्क निगरानी रखी और संदिग्ध युवक को देखते ही घेराबंदी कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से उक्त मात्रा में गांजा जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

### कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा की महिला और पुरूष टीम ने दर्ज की जीत

**नौगांव**। मेला महा उत्सव के अंतर्गत आयोजित अंतरराज्यीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में रविवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में हरियाणा की महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने अपने-अपने मैच जीते। कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रविवार से किया गया। महिला कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कबड्डी कमेटी की अध्यक्ष रुचि अनुराग घोष ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं, इसी उद्देश्य से लगातार कई वर्षों से महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महिला वर्ग के मुकाबलों में नगर की कई प्रतिष्ठित महिलाओं को आमंत्रित किया गया, जिनमें नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष अभिलाषा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष की पत्नी अंजलि सक्सेना, पार्षद, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं उपस्थित रहीं। पुरुष वर्ग के मुकाबलों में क्षेत्रीय विधायक प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा मेला महा उत्सव के अंतर्गत कई वर्षों से कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश की नामी टीमें भाग लेती हैं। इस प्रतियोगिता में बागपत, हरियाणा, मेरठ, इंदौर, दमोह, प्रतापगढ़, निवाड़ी, नयागांव सहित लगभग दो दर्जन से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21,000 एवं उपविजेता टीम को 15,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

## बिजावर पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर पकड़ा मांझा

# जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 2 माह के लिए प्रतिबंध लगाने के बाद भी जिले में खुलेआम बिक रहा चाईनीज मांझा

छतरपुर।

मकर संक्राति के पर्व पर बुंदेलखण्ड के साथ साथ मध्यप्रदेश में भी पतंगबाजी की प्रतियोगिताएं होती है लेकिन पतंगबाजी के दौरान चाईनीज मांझा का उपयोग करना खतरे से खाली नहीं है। चाईनीज मांझे के उपयोग में लापरवाही बरतने पर लोगों की गर्दन तक कट जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट पार्थ जैसवाल ने 6 जनवरी 2026 को एक निर्देश जारी कर छतरपुर जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1)के अधीन प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दो माह के लिए चाईनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाया था। यह आदेश जिले में प्रमुख मार्गो तथा ग्राम सड़क व शहर के वार्डो की सड़कों पर गुजर रहे राहगीरों को चाईनीज मांझा पतंग में उपयोग करने से गले में फंस जाने के कारण दुर्घटनाएं होती है। जिन्हें रोकने एवं आम जन की सुरक्षा, सड़क दुर्घटना वाहन दुर्घटना रोकने की समुचित सुरक्षा और देख भाल को दृष्टिगत रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। लेकिन इसके बावजूद भी जिले में पतंगों की दुकान में चाईनीज मांझे की बिक्री खुलेआम की जा रही है, जो मानव जीवन के लिए घातक है। जैसे जैसे मंकर सक्रांति का समय आ रहा है। बैसे बैसे पतंग विक्रेता चाईनीज मांझा बेचने का कारोबार तेज कर रहे है। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में थाना बिजावर पुलिस



ने शिकायत मिलने पर चाईनीज मांझा बेचने बाली किराना दुकान में छापामार कार्यवाही कर चाईनीज माझें के 13 गिट्टे बरामद किए है। बिजावर पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बा अंतर्गत पाण्डेय मोहल्ला में एक किराने की दुकान में प्रतिबंध के बाद भी चाईनीज मांझा बेचा जा रहा है इस सूचना पर पुलिस टीम दुकान पर पहुंची और वहां से चाईनीज मांझा के गिट्टा बरामद किए और प्रतिबंधित सामग्री बेचने बाले विक्रेता के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पजीबद्व कर विधिवत कार्यवाही की गई।

### जिला मुख्यालय में भी बिक रहा चाईनीज मांझा

जिला मुख्यालय छतरपुर में भी कुछ दुकानदार पैसे कमाने के चक्कर में कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए प्रतिबंधित चाईनीज मांझा बेच रहे है। चौक बाजार एवं हटवारा के पास स्थित कई पतंगों की दुकानों में चाईनीज मांझा खुलेआम बेचा जा रहा है। लेकिन कोतवाली पुलिस की नजर इन चाईनीज मांझा विक्रेताओं पर नहीं पड़ रही है। आखिर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के आदेश की धज्जियां उड़ते हुए कब तक पुलिस देखती रहेगी। जबकि पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पतंग उड़ाते समय सावधानियां एवं अबैध मांझा विक्रय को लेकर एडवाईजरी भी जारी की गई थी। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने जनसामान्य से यह भी अपील की है कि प्रतिबंधित चाईनीज मांझा का विक्रय व उपयोग ना करें ऐसा करना कानूनन अपराध है तथा इससे आमजन व पशु पक्षियों की जान को खतरा होता है। पुलिस ने एक हेल्पलाईन नंबर 7049101021 भी जारी किया जिसमें सूचना देने बाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### रांग साईड चलने से बढ़ रही वाहन दुर्घटनाएं, ई रिक्शा ने बाईक चालक को मारी टक्कर



छतरपुर। यातायात पुलिस के साथ साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा नए साल में पथ सुरक्षा अभियान चलाए जा कर वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। स्वयं पुलिस अधीक्षक इस तरह के शिविर में पहुंचकर वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने और सुरक्षित चलने की जानकारी दे रहे है। लेकिन जिला मुख्यालय छतरपुर में ही रांग साईड बाहन चलाने से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। रविवार की दोपहर में छत्रसाल चौराहें के पास बीएड कॉलेज के सामने रांग साईड से आ रहे बाईक चालक को ई रिक्शा चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

#### डिवाईडर बंद होने से होती दुर्घटना

जबसे कांग्रेस कार्यालय के सामने का मुख्य सड़क का डिवाईडर का कट स्थाई रूप से बंद कर दिया गया तभी से छत्रसाल चौराहे से लेकर कांग्रेस कार्यालय तक के रास्ते में दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही है। क्योंकि मुख्य सड़क का कट बंद होने से वाहन चालक छत्रसाल चौराहे से किशोर सागर के लिए रांग साईड से निकलते है। और आये दिन दुर्घटना हो जाती है रविवार को दोपहर में दुर्घटना इसलिए हुई। ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 16 जेड के 1430 का चालक छत्रसाल चौराहे की तरफ रिक्शा लेकर जा रहा था और छत्रसाल चौराहे की तरफ से बाईक क्रमांक एमपी 16 एमएफ 3095 का चालक रांग साइड से आ रहा था और इन दोनों के बीच टक्कर बी.एड कॉलेज के सामने हो गई जिससे बाईक चालक घायल हो गया। और तत्काल उसे अस्पताल पहुं।चाया गया लेकिन इस तरह की घंटनाए रोकने के लिए पहले कांग्रेस कार्यालय के सामने का कट मुख्य सड़क का खोला जाना चाहिए और फिर रांग साईड चलने वालों पर चालानी कार्यवाही होनी चाहिए, जिससे इस तरह की वाहन दुर्घटनाएं रूक सकें।

## एकजुटता से बढ़ेगी समाज की शक्ति

# चौरसिया समाज का दो दिवसीय राष्ट्रीय समारोह सम्पन्न



छतरपुर। अखिल भारतीय चौरसिया महासभा कोलकाता इकाई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सभा एवं सम्मान समारोह का रंगारंग आयोजन छतरपुर के पेप्टेक टाउन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। छतरपुर चौरसिया महासभा और पेप्टेक ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर से चौरसिया समाज के 700 से ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ता यहां पहुंचे। दो दिनों तक समाज की बुराईयों को मिटाने और एकजुटता के साथ आगे बढ़ने जैसे विषयों पर गंभीर चिंतन हुआ। इसके साथ ही लगभग 200 प्रतिभाशाली विभूतियों को मंच से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में डीएसपी बनीं मयंका चौरसिया और नायब तहसीलदार निशांत चौरसिया भी सम्मानित हुए। कार्यक्रम के आयोजन में छतरपुर चौरसिया महासभा की ओर से राजेश महतों, पेप्टेक ग्रुप की ओर से नीरज चौरसिया, विनय चौरसिया, जिलाध्यक्ष जगतनारायण सिंह चौरसिया, राकेशश्री चौरसिया, संदीप चौरसिया, सौरभ चौरसिया, संतू चौरसिया, सुशील चौरसिया, मनोज चौरसिया, अनिल चौरसिया आदि ने पूरी शक्ति लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, राष्ट्रीय पदाधिकारी टीएन चौरसिया, सुधीर चौरसिया, बाबूलाल बरई, कैलाश चौरसिया, रामेश्वर चौरसिया, शैलेष चोरसिया, श्रीमती गणेशी चौरसिया, दिलीप चौरसिया, आरके चौरसिया सहित बिहार, राजस्थान, दिल्ली, उड़ीसा, मप्र, छत्तीसगढ़, गुजरात से अनेक पदाधिकारी पहुंचे। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आईडी चौरसिया ने आयोजन को सफल बनाने में दिन-रात परिश्रम किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला शक्ति भी उपस्थित रही। आयोजन के पहले दिन देश भर से आए पदाधिकारियों ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने-अपने सुझाव मंच से दिए। समाज के भीतर कमजोर परिवारों को ऊपर उठाने, सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने, बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चिंतन हुआ। इसके साथ ही देश भर से आए पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाकर, शॉल और स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित भी किया गया। इस दौरान छतरपुर में चौरसिया समाज के द्वारा प्रस्तावित चौरसिया धर्मशाला का शिलापूजन भी किया गया। दिल्ली में बच्चों के लिए हॉस्टल बनाएगा चौरसिया आयोजन के दौरान बताया गया कि चौरसिया समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली में एक अनुकूल माहौल देने के लिए समाज के लोग रोहिणी इलाके में एक बड़ा छात्रावास बना रहे हैं। चौरसिया फाउण्डेश्न ट्रस्ट के द्वारा बनाए जा रहे इस 6 मंजिला हॉस्टल में लगभग 10 करोड़ रूपए सामूहिक रूप से खर्च किए जाएंगे। इसमें रहने वाले बच्चों को मामूली फीस पर दिल्ली में रहकर प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा होगी। इस दो दिवसीय समारोह के अंतर्गत पहले दिन की शाम को चौरसिया महासभा के द्वारा एक रंगारंग सुर संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बुन्देलखण्ड की जानी-मानी गायिका कविता शर्मा ने अपने बुन्देली गीतों के माध्यम से देश भर से आए मेहमानों का स्वागत किया तो वहीं अंशिका राजौतिया ने अपने सुरीले सूफी गीतों और गजलों के बलबूते पर महफिल में चार-चांद लगा दिए। इस दौरान चौरसिया समाज ने दोनों गायिकाओं एवं अभिनेता प्रांजल पटैरिया का मंच से सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौरसिया के द्वारा किया गया।

# अवैध देसी कट्टे से चली गोली, युवक के पैर में लगी

**छतरपुर। नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम दोनी में शनिवार शाम एक युवक अवैध देसी कट्टे से चली गोली का शिकार हो गया। घायल युवक की पहचान जितेंद्र पिता रमोली पाल (19) के रूप में हुई है। घटना शनिवार शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है, जब युवक के पैर में गोली लग गई। गोली युवक की जांघ में जा धंसी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।**



घटना के बाद परिजन तत्काल युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल इलाज शुरू किया और उसे ऑपरेशन कक्ष में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों के अनुसार युवक के पैर में अभी भी गोली फंसी हुई है और ऑपरेशन की तैयारी की जा रही है। घायल युवक का कहना है कि देसी कट्टे से गलती से गोली चल गई, जिससे वह घायल हुआ। हालांकि यह देसी कट्टा युवक के पास कैसे आया और घटना वास्तव में हादसा है या कुछ और इसकी जांच पुलिस कर रही है। नौगांव थाना टीआई बाल्मीक चौबे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एंबुलेंस 108 की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल युवक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है और पुलिस पूरे मामले की जांच और अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई है।

# 18 जनवरी को होगा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन, बैठक सम्पन्न

छतरपुर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के हनुमान टोरिया क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। हनुमान टोरिया बस्ती के पीछे पठापुर रोड स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में आगामी 18 जनवरी 2026 को विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।



इस कार्यक्रम के माध्यम से हिंदू समाज में एकजुटता, सामाजिक समरसता तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विशेष बल दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान घर-घर जाकर पत्रक वितरण किया जाएगा तथा प्रत्येक परिवार से चावल-दाल का संग्रहण कर सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। हिंदुओं को एक सूत्र में बंधने तथा समाज की एकता को मजबूत करने का संदेश भी प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक जयराम चतुर्वेदी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सामाजिक एकता को सुदृढ़ बनाना तथा प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है। उन्होंने सभी वार्डवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल हों तथा इस ऐतिहासिक प्रयास को सफल बनाएं। आज राम जानकी मंदिर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से संयोजक जयराम चतुर्वेदी, कमलापथ मिश्रा, विनय देशराज पटेरिया, राघवेंद्र सिंह, मुकेश मिश्रा, विनोद मिश्रा,डॉ सुनील अग्रवाल, अंचल जैन,विजय रावत,अवधेश सोनाकिया,डीसी पाठक,प्रदीप पाठक,दिनेश यादव, लक्ष्मी साहू,सुनीता रजक, प्रिंस साहू सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

छतरपुर।

छतरपुर जिला न्यायालय परिसर में एक गरिमामय और उत्साहपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता शिवप्रताप सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायमूर्ति विवेक जैन, जो छतरपुर जिले के पोर्टफोलियो जज भी हैं, ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

**न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाएं: न्यायमूर्ति**

समारोह में न्यायिक गरिमा और अधिवक्ताओं की एकजुटता की झलक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के समक्ष



पुष्प अर्पण से हुई। शपथ ग्रहण के दौरान बड़ी संख्या में जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष - अधिवक्ता शिवप्रताप सिंह, उपाध्यक्ष - अधिवक्ता लखन लाल दुबे, महिला उपाध्यक्ष - अधिवक्ता रश्मि यादव, सचिव - अधिवक्ता अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष - अधिवक्ता आशीष पटैरिया सहित अन्य समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने भी न्यायमूर्ति विवेक जैन के समक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।न्यायमूर्ति विवेक जैन ने अपने संबोधन में अधिवक्ताओं से न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने, बार-बेंच के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ की एकजुटता ही न्यायिक प्रक्रिया को तेज एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।यह शपथ ग्रहण समारोह न केवल छतरपुर अधिवक्ता संघ के लिए नया अध्याय है, बल्कि पूरे जिले की न्यायिक व्यवस्था में नई ऊर्जा एवं समर्पण का प्रतीक भी साबित हुआ। अधिवक्ता वर्ग ने इस अवसर पर एक-दूसरे के प्रति भाईचारे और सहयोग की भावना प्रदर्शित की। कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह ने सभी अतिथियों, न्यायाधीशों एवं साथी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा आश्वासन दिया कि नई कार्यकारिणी पूरी निष्ठा से संघ के उद्देश्यों को पूरा करेगी।

# एसआईआर कार्य तेज, 8 सदस्यीय टीम कर रही मतदाताओं की सुनवाई

छतरपुर।

छतरपुर तहसील कार्यालय की निर्वाचन शाखा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य 5 जनवरी 2026 से जोर-शोर से जारी है। प्रशासन ने इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए 8 सदस्यीय अधिकारियों की विशेष टीम गठित की है, जो प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक लगातार काम कर रही है।



इस टीम में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ, आर.आई. और पटवारी शामिल हैं। ये अधिकारी मौके पर ही मतदाताओं की शिकायतों की सुनवाई कर रही हैं और समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं।

प्रत्येक अधिकारी प्रतिदिन औसतन 50 लोगों की सुनवाई कर रहा है, जबकि टीम द्वारा रोजाना करीब 400 लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है या जिनके नाम में कोई त्रुटि पाई गई है, उन्हें नोटिस देकर तहसील बुलाया जा रहा है। वहां उनके दस्तावेजों की जांच के बाद त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विशेष रूप से वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नामों की जांच में गड़बडियां सामने आने पर संबंधित व्यक्तियों से आवश्यक दस्तावेज मंगाए जा रहे हैं। यदि निर्धारित दस्तावेज समय पर जमा नहीं होते, तो ऐसे नामों को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है। प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिरहित बनाया जाए, ताकि आगामी विधानसभा/लोकसभा चुनावों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो।

## चौबे तिराहे पर डिवाइडर बना हादसों का कारण



### ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से कार चढ़ गई

**छतरपुर**। चौबे तिराहे पर रात करीब 8:30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते बाल-बाल टल गया। ट्रैफिक सिग्नल के पास बने डिवाइडर पर एक कार जा चढ़ी। कार क्रमांक एमपी 36 सी 2294 को स्थानीय राजगीरों और लोगों की मदद से नीचे उतारा गया।

जानकारी के अनुसार, खरगापुर निवासी अवधेश अपने परिवार के साथ छतरपुर से होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान चौबेतिराहे पर ट्रैफिक सिग्नल बंद होने के कारण और सामने से अचानक तेज रोशनी आंखों में पड़ने से चालक चकरा गया। अंधेरे में डिवाइडर नजर नहीं आया और कार सीधे उस पर चढ़ गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने बताया कि चौबेतिराहे पर बना डिवाइडर गलत तरीके से बनाया गया है। इसकी ऊंचाई बेहद कम है और यह स्पष्ट रूप से नजर नहीं आता, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# सटई रोड पर चार दुकानों में चोरों ने की सेंधमारी, बुक डिपो से 30 हजार की चोरी

छतरपुर।

शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सनसनीखेज चोरी की घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। सटई रोड पर स्थित चार दुकानों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने नकदी और अन्य सामान लूट लिया। इनमें मां शारदा बुक डिपो से लगभग 25 से 30 हजार रुपये नकद चोरी होने की पुष्टि हुई है।



सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि चोरों ने दुकान के अंदर एक हाथ से लिखा भड़काऊ नोट छोड़ दिया। नोट में गाली-गलौज भरे शब्दों के साथ धार्मिक पहचान का जिक्र करते हुए धमकी दी गई है। नोट में लिखा है— मुसलमान से पंगा नहीं लेना, अगर आगे कुछ किया तो फिर यही होगा और अंत में मुसलमान जिंदाबाद लिखा गया है।

सुबह दुकानदार जब दुकान खोलने पहुंचे तो उन्हें ताले टूटे मिले और कैश गायब था। नोट देखते ही इलाके में आक्रोश और दहशत फैल गई। दुकानदारों का कहना है कि यह महज चोरी नहीं, बल्कि समाज में नफरत फैलाने और प्रशासन को गुमराह करने की सुनियोजित साजिश लगती है।

घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर सबूत जुटाए। पुलिस ने मामले को साधारण चोरी के साथ-साथ भड़काऊ सामग्री फैलाने की साजिश के रूप में भी दर्ज किया है। नोट की हैंडराइटिंग, भाषा शैली और आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। यह शहर में इस तरह की चोरी के साथ धार्मिक उकसावे वाला नोट छोड़ने की पहली ऐसी घटना बताई जा रही है।



# दो दिन पहले हुई लाखों की चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**लवकुशनगर**। लवकुशनगर थाना क्षेत्र में दो दिन पहले प्रतापपुरा निवासी राम चरण पाल के घर में हुई लाखों रुपये की चोरी का मामला पुलिस ने मात्र दो दिनों में सुलझा दिया है। थाना प्रभारी अजय अम्बे और उनकी टीम की त्वरित कार्रवाई से पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसडीओपी नवीन दुबे ने आज प्रेस वार्ता में इस मामले का खुलासा किया।

जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व प्रतापपुरा में राम चरण पाल के आवास से चोरों ने सेंध लगाकर आठ सोने के आभूषण कुल 26 ग्राम और एक किलो चार सौ ग्राम चांदी चुरा ली थी। चोरी का कुल मूल्य लाखों रुपये आंका गया था।

पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और गहन पूछताछ व मुखबिरों की सूचना के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी किया गया पूरा सामान जब्त कर लिया गया, जिसमें आठ सोने के नग (26 ग्राम) और 1 किलो 400 ग्राम चांदी शामिल है। बरामद माल की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई जा रही है।

एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि यह कार्रवाई थाना प्रभारी अजय अम्बे की कुशल टीम वर्क का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्र में अपराधियों पर कड़ी नजर रखे हुए है और ऐसी घटनाओं में शून्य सहनशीलता की नीति पर काम कर रही है।

## खबर संक्षेप



### सांसद ने कृषि रथ को दिखाई हरी झण्डी

**रीवा** । सांसद जनार्दन मिश्र ने कृषि रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि से संबंधित पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन पर किसानों से सीधा संपर्क कर नवीन व वैज्ञानिक तकनीक सुधार की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि रथ गांव में भ्रमण करेगा। यह रथ एक दिन में तीन ग्राम पंचायतों का एक माह की अवधि में भ्रमण करेगा।

### नउप मुख्यमंत्री ने भगवान शिव एवं कुलदेवी के किये दर्शन



**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने गृह ग्राम ढेरा में विश्वेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किये। उन्होंने अपनी कुलदेवी घरौआ माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

### कांग्रेस का उपवास, मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन पर विरोध, महापौर ने भाजपा सरकार की नई रोजगार गारंटी को बताया छलावा

**रीवा**। काफी समय से चली आ रही मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन होने के बाद अब राजनीति के मैदान में भी भूचाल आ चुका है। रीवा सहित पूरे देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के द्वारा मनरेगा के स्थान पर बीवी जी राम जी योजना लाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी एकदिवसीय उपवास कर रही है।कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार महात्मा गांधी के नाम को ही खत्म करना चाहती है। बताया गया कि मनरेगा योजना जो गरीब मजदूरों को काम देने की योजना महात्मा गांधी के नाम से बनाई गई थी उस योजना को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीबी जी राम जी योजना काम देने का नहीं बल्कि काम छीनने का षड्यंत्र है।उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश सरकार कई लाख करोड़ रुपए के कर्ज में डूबी हुई है और अब इस योजना के नाम पर भी लूट खसोट की जाएगी। एकदिवसीय उपवास में बैठे कांग्रेसियों ने कहा कि सरकार अपने फैसले को वापस ले और मनरेगा योजना जो महात्मा गांधी के नाम से बनाई गई थी उस योजना की हत्या करने का प्रयास ना करें।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को मिला गांवों का समर्थन



**मऊगंज**। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज द्वारा बाल संरक्षण समिति के गठन एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम पंचायत गोंदरी अंबिकाराम एवं रतनगवां गहरवारन में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान किया गया।गोंदरी अंबिकाराम में आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग मऊगंज की परियोजना अधिकारी निर्मला शर्मा, सेक्टर सुपरवाइजर सरोज साकेत, ग्राम सरपंच-सचिव, जिला मऊगंज समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, आशीष कुमार शुक्ला, ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी सहित आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता तथा सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बाल विवाह अपराध है और इसकी सूचना छिपाना भी अपराध की श्रेणी में आता है।इसी क्रम में ग्राम पंचायत रतनगवां गहरवारन में भी बाल संरक्षण समिति का गठन कर ग्रामीणों को कानून, दंड प्रावधान एवं बाल अधिकारों की जानकारी दी ।

# नौनिहालों को भेड़-बकरियों की तरह भरते हैं वाहनों में, विद्यालयों के संचालक कानून की उड़ा रहे धज्जियां

जिले में परिवहन विभाग एवं स्थानीय पुलिस की अनदेखी के चलते ओवरलोडिंग के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घट रही है बीते दिन मंनगवा क्षेत्र में एक निजी स्कूल के बच्चों से ओवरलोड भरी ऑटो पलट गई थी जिसमें कई बच्चे घायल हो गए थे।





रीवा।

लेकिन घट रही दुर्घटनाओं के बाद भी जिम्मेदार परिवहन विभाग एवं स्थानीय पुलिस अमले की गहरी नींद नहीं टूट रही है। गैर जिम्मेदार बने जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते आलम कुछ इस कदर है कि गांव हो या शहर इन दिनों स्कूल वाहन सवारी ऑटो टैक्सी जानलेवा साबित हो रहे है देखने में कुछ इस कदर आ रहा है कि स्कूल वाहन एवं सवारी ऑटो टैक्सियों में भूसे की तरह 25 से 30 नन्हे मुन्ने बच्चों को बैठाकर बेखौफ होकर सड़कों पर वाहन दौडाते हैं। यही हाल स्कूल बसों का है 32 सीटर बसों में 60 से 70 बच्चे बैठाए जाते हैं लेकिन विडंबना है कि कोई देखने वाला नहीं है।ऑटो टैक्सियों में रस्सी बांधकर बैठाए जाते हैं बच्चे स्कूलों में लगे वाहनों की स्थिति कुछ इस कदर है कि ऑटो में रस्सियां लगाकर बच्चों को भेड़ बकरियों की तरह बैठाया जाता है। आए दिन घटनाएं घटती रहती है फिर भी जिम्मेदार परिवहन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। जमीनी हालात कुछ इस कदर है कि जिले के सेमारिया सिरमौर गुड पुलिस स्टेशनों के सामने से ओवरलोड सवारियों एवं विद्यालय के बच्चों को लाने ले जाने वाली बसें एवं भूसे की तरह भरी ऑटो टैक्सियां गुजरती है। यहां सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर सवारियों से खचाखच भरी ऑटो एवं स्कूल वाहनों पर जिम्मेदार परिवहन अमला एवं स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही क्यों नहीं की जाती, जो अपने आप में एक बड़ा सवाल है।परिवहन विभाग की कागजों तक सीमित कार्यवाहीओवरलोडिंग पर कार्रवाई किए जाने हेतु दिए गए दिशा-निर्देश के परिपालन में जिले भर में आरटीओ एवं पुलिस विभाग द्वारा कभी कभार वाहन चेकिंग की जाती है, लेकिन शासन द्वारा दिए गए दिशानिर्देश का पालन क्षेत्र में परिवहन विभाग के जिम्मेदारों के लिए महज मोटी कमाई का जरिया बनकर रह गया है। खुलेआम देखा जाता है कि स्कूल बसों एवं टैक्सियों में विद्यालय के छात्र छात्र भूसे की तरह भर कर बैठाए जाते हैं लेकिन टैक्सी एवं विद्यालय संचालकों पर किसी भी प्रकार से कार्यवाही नहीं देखी जाती है। कई बार तो ऐसा भी देखने को मिला परिवहन विभाग के जिम्मेदार अंचल में आरटीओ लिखा वाहन लेकर तफरी करते हैं इनके साथ प्राइवेट व्यक्ति होते हैं जो स्कूल संचालकों से तथाकथित सेवा शुल्क लेते हैं, इसी सेवा शुल्क के दम पर आरटीओ विभाग के प्राइवेट व्यक्तियों के इशारे पर क्षेत्र के स्कूलों में लगे वाहन भूसे की तरह बच्चों को बैठाकर स्कूल लाते एवं ले जाते हैं। कई बार तो जिम्मेदार परिवहन अमले के नजरों के सामने से ही ऐसे ओवरलोड सवारी एवं स्कूल वाहन गुजरते हैं लेकिन कार्रवाई नहीं हो पाती। हालांकि इसका एक सबसे बड़ा कारण देखने को मिल रहा है जहां जिम्मेदार तथाकथित परिवहन सेवा शुल्क के दम पर अवैध कारोबार कराने में आज भी तुला हुआ है और स्कूल संचालक एवं वाहन मालिक अनवरत अपने मनमानी पर उतारू है। यदि समय रहते प्रशासनिक अधिकारियों ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## खेल प्रतियोगिताएँ प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं - उपमुख्यमंत्री

## स्वर्गीय जयपाल सिंह मुण्डा स्मृति फुटबाल टूर्नमिंट का हुआ समापन



रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं। रीवा में विकास कार्यों के साथ खेल व संस्कृति गतिविधियों के आयोजन से और चार चाँद लग रहे हैं। शुक्ल ने टी.आर.एस. कॉलेज में स्वर्गीय जयपाल सिंह मुण्डा स्मृति फुटबाल टूर्नामेंट के समापन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. जयपाल सिंह मुण्डा भारतीय संविधान सभा के सदस्य तथा भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान भी रहे। उनकी स्मृति में टूर्नामेंट का आयोजन उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। यह टूर्नामेंट आने वाले समय में और ज्यादा लोकप्रिय होगा तथा इसमें बड़ी-बड़ी टीमें हिस्सा लेंगी। स्व. श्री मुण्डा के सपनों का भारत बनाने में सभी अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, विमलेश मिश्रा, अनीता सिंह, संदीप गौतम सुमन, रामकुमार रावत, जीतेश रावत, मिठाईलाल कोल, बसंतलाल कोल, मुन्नालाल रावत सहित आयोजक, स्थानीय खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन



**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। खेल के मैदान में सभी खिलाड़ी एक जुट होकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर टीम को हर संभव जीत दिलाने का प्रयास करते हैं। उप मुख्यमंत्री ने अपने गृह ग्राम ढ़ेरा में स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की। ढ़ेरा में आयोजित 11वें क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में ढ़ेरा का नाम लंबे समय से लिया जाता रहा है। आयोजकों ने सुव्यवस्थित ढंग से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा। खेल कभी एक टीम के पक्ष में तो कभी दूसरी टीम के पक्ष में जाता दिखा। उन्होंने कहा कि जीत और हार सिक्के दो पहलू हैं। जीतने पर अहंकार नहीं होना चाहिए और हारने पर निराश भी नहीं होना चाहिए। शुक्ल ने कहा कि हमारे पूज्य पिता जी कहते थे कि हर परिस्थिति में समभाव रखना चाहिए। उनसे मैंने बहुत कुछ सीखा है। शुक्ल ने कहा कि ढ़ेरा के युवा पूज्य पिता जी की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं जिससे खेल का विकास होता और नई-नई प्रतिभाएं आगे आती हैं। उन्होंने कहा कि रीवा और मऊगंज के क्रिकेट के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष मऊगंज डॉ. राजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। आयोजकों ने क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर इस क्षेत्र के युवाओं में छुपी प्रतिभा को आगे आने का अवसर दिया है। मिश्र ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विन्ध्य के गौरव हैं। मऊगंज जिला गौरवांवित है और ढेरा की भूमि बंदनीय है। उप मुख्यमंत्री ने विजेता टीम खटखरी को 50 हजार रूपये नगद एवं ट्राफी प्रदान की। जबकि उप विजेता टीम को 30 हजार रूपये नगद व ट्राफी दी गयी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पदमेश गौतम, मोहनलाल शुक्ला, राजेश पाण्डेय, मनोज शुक्ला, ममल शुक्ला, विपिन मिश्रा, एसडीएम राजेश मेहता सहित अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमीजन उपस्थित रहे।

## उमरी खास में बृहद स्वास्थ्य शिविर हुआ संपन्न 287 हितग्राहियों को मिला स्वास्थ्य लाभ



मऊगंज

संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा तथा सिविल अस्पताल मऊगंज के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत उमरी खास में स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया जिसमे जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा के निर्देशानुसार एवं बीएमओ डॉ प्रदुमन शुक्ला के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ हरीश सोनी द्वारा दीप प्रज्वलित और स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमे 287 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया स्वाथ्य शिविर में डॉ हरीश कुमार सोनी और डॉ आशीष पटेल एंव डॉ आर डी साकेत,ने हितग्राहियों का स्वाथ्य परीक्षण किया स्वास्थ्य शिविर में 25 लोगो का स्पुटम जॉच हेतु एकत्रित किया गया और 02 मरीजों की दवा चालू की गई इस शिविर में 189 एच आई व्ही वी, सिफ्लिश और हेपेटाइटिस बी सी और 194 मरीजो का बी पी तथा 127 मरीजों का शुगर जांच की गई ए एन सी जांच 08 तथा चर्म रोग 02 लोगों को चिन्हित किया गया और 06 एक्लाइंट एस टी आई की शिकायत बताई गई और सभी का सफल स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एस एस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा द्वारा आम जनमानस को टीवी मुक्त भारत के अंतर्गत सभी वर्नबल क्षेत्र के आम जनमानस को अधिक से अधिक अपना टीवी स्क्रीनिंग करवाये, जिससे टीवी मुक्त भारत बनाया जा सके, और एचआईवी सिफलिस जांच बहुत आवश्यक है साथ ही सभी को एचआईवी स्टेटस पता होना चाहिए अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 कॉल करके में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, और सभी का आभार व्यक्त किया गया स्वास्थ्य शिविर में सेक्टर सुपरवाइजर अशोक कुमार द्विवेदी, एमपीडब्ल्यू संतोष द्विवेदी ,एलटी सुनील मिश्रा, काउंसलर अनिरुद्ध सिंह, फार्मासिस्ट संदीप सिंह,सीएचओ दीपा सिंह, सीएचओ स्नेहा विश्वकर्मा, एएन एम सुभद्रा सिंह , एएनएम रामकली पटेल,एसएसके ओ आर डब्ल्यू जैनेन्द्र श्रीवास्तव, एस एस के डब्ल्यू लवकुश वर्मा, ओआरडब्लू रामकृपाल सिंह , मनोज नामदेव,आशा पर्यवेक्षक कल्पना दुबे,तथा सरपंच भूपेश सेन हेल्थ वॉलिंटियर उमाशंकर कुशवाहा, सभी आशा उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया।

# उप मुख्यमंत्री ने हरिहरपुर स्थित अपने खेत में प्राकृतिक खेती का किया निरीक्षण

रीवा ।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा के अपने हरिहरपुर स्थित खेत में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। उन्होंने अपने खेत पहुंचकर प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया तथा जैविक इनपुट, मिट्टी की उर्वरता, जल संरक्षण एवं रासायनिक मुक्त खेती की प्रक्रियाओं की जानकारी ली। शुक्ल के खेत में प्राकृतिक रूप से पालक, मैथी, धनिया, बथुआ, चौराई, शलजम, गाजर आदि सब्जियों के साथ प्राकृतिक बीजामृत से गेंहू की फसल बोई गयी है जिसमें गोबर की खाद का उपयोग किया गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल एक कृषि तकनीक नहीं, बल्कि जीवन जीने का भारतीय पद्धति है। इससे किसानों की लागत घटाने, आय बढ़ाने और उन्हें बाहरी निर्भरता से मुक्ति मिलती है। इसके उत्पादन से हमारे धरती का तथा परिवार का स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। उन्होंने किसानों से आह्मवान किया कि अपने खेती योग्य भूमि में से 10 प्रतिशत भूमि में प्राकृतिक खेती करें तथा स्वस्थ्य रहें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ा गया है। जिले में बसामन मामा गौवन्य विहार में प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ हो चुका है। हरिहरपुर फार्म हाउस में इस क्षेत्र के किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा उन्हें यहां का भ्रमण कराकर प्राकृतिक खेती करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। इसी क्रम में हिनौती गौधाम में भी प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा जिले को प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाना है। उन्होंने कहा कि गौशालाएं गौसंरक्षण केन्द्र नहीं बल्कि कृषि आदानों के उत्पादन के आर्थिक केन्द्र के रूप में विकसित की जा रही है। गोबर व मूत्र से तैयार जीवामृत, बीजामृत और पंचगव्य जैसे प्राकृतिक इनपुट मिट्टी के सूक्ष्म जीवों में सक्रिय रहते हैं और भूमि की उर्वरता को दीर्घकाल तक बढ़ाते है। इस दौरान गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, पूर्व संयुक्त संचालक डॉ. राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# नगर निगम की जल सुरक्षा पर सतत निगरानी, ऑन-फील्ड टेस्टिंग, क्लोरीनेशन जांच और लीकेज सुधार जारी, घर-घर ऑन-फील्ड वॉटर टेस्टिंग, क्लोरीन जांच संतोषजनक, लीकेज पर त्वरित कार्रवाई

रीवा।

शहर में निर्बाध, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम रीवा की जलप्रदाय टीम द्वारा फील्ड स्तर पर लगातार निगरानी एवं आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 8 लीकेज चिन्हित कर त्वरित रूप से सुधार कार्य कराया गया। जिसमें आज विवेकानंद नगर 4 पॉइंट, अमहिया 2 पॉइंट एवं खुटेही 2 पॉइंट क्षेत्रों में लीकेज अटेंड करते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से खुदाई कर पाइपलाइन रिपेयरिंग एवं आवश्यक सुधार कार्य किया गया, जिससे जल आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य किया जा सका। साथ ही छत्रपति नगर एवं हीरा नगर क्षेत्रों में घर-घर जाकर ऑन-फील्ड वॉटर टेस्टिंग की गई। जल की गुणवत्ता जांच हेतु टेस्ट ट्यूब, टीडीएस मीटर एवं क्लोरीनेशन टेस्ट किट के माध्यम से जल का भौतिक, रासायनिक एवं क्लोरीन मात्रा (क्लोरीनेशन टेस्ट) का परीक्षण किया गया। गौरतलब है कि क्लोरीनेशन टेस्ट पानी में क्लोरीन की मात्रा मापने की एक प्रक्रिया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि पानी कीटाणुरहित है या नहीं तथा उसमें रोग फैलाने वाले कीटाणु मौजूद हैं या नहीं। जांच के दौरान यह पाया गया कि जल में आवश्यक मात्रा में क्लोरीन उपस्थित है, जिससे पानी सुरक्षित एवं पीने योग्य है। इसके अतिरिक्त, शहर की सभी उच्च स्तरीय जल टंकियों से जल नमूने लेकर पीएच, टीडीएस, हार्डनेस, अल्केलिनिटी, क्लोरीन, क्लोराइड, टर्बिडिटी, रंग, स्वाद एवं गंध जैसे विभिन्न मानकों पर विस्तृत परीक्षण कराया गया, जिसमें सभी रिपोर्ट मानक अनुरूप एवं संतोषजनक पाई गईं। नगर निगम रीवा की जलप्रदाय टीम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि जल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर तत्काल निगम या टोल-फ्री नंबर 18008899711 पर सूचना दें।



